**कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 12.09.2025**

**विषय- थाना लंका पुलिस द्वारा 25 हजार रुपये का इनामिया अंतर्राज्यीय शातिर लूटेरा पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस तथा बाइक समेत मोबाइल फोन व नगदी बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट/अपहरण/सट्टेबाजी/जुआं की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी व मादक पदार्थों की तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह के तहत सघन चेकिंग अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी जोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर व प्रभारी निरीक्षक लंका के नेतृत्व में दिनांक 11.9.2025 को थाना लंका पुलिस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर 25 हजार रुपये के इनामिया अंतर्राज्यीय शातिर लूटेरा जयकान्त पटेल पुत्र जय प्रकाश पटेल नि0- ग्राम शेरपुर थाना चैनपुर जिला कैमुर भभुआ बिहार उम्र करीब 26 वर्ष को सीर करहिया के पास रोड के दाहिने तरफ खाली पड़े स्थान से समय करीब 23.10 बजे पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। जयकान्त पटेल उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 0369/2025, धारा- 109 बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी पर पंजीकृत किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लंका पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक- 11.09.2025 को थाना लंका पुलिसे द्वारा देखभाल क्षेत्र, रोकथाम जुर्म जरायम चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन हेतु सीर तिराहा पर संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी तभी मुखबिर खास ने सूचना दिया कि भगवानपुर नवीन स्वीट हाउस के पास छिनैती की घटना कारित करने वाला दूसरा मुल्जिम डाफी टोल प्लाजा से दाहिने तरफ रविदास मन्दिर की तरफ जाने वाले मार्ग पर आगे बढ रहा है मुखबिर की इस सूचना पर बताये हुये स्थान की तरफ आगे बढे और रविदास पार्क सीरगोवर्धन से जैसे ही सीर करहिया की तरफ आगे बढे उसी समय सामने से बिना नंबर प्लेट की आ रही बाइक की तरफ मुखबिर खास ईशारा करके हट बढ गया। पुलिस द्वारा द्वारा गाडी सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया तो वह एकाएक बाइक को मोडकर रोड के दाहिने तरफ खाली पडे स्थान की तरफ भागने लगा आगे रास्ता न होने के कारण अपने आप को पुलिस से घिरता हुआ देख कर अपने पास लिये असलहे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस वालो ने अपना बचाव करते हुए बदमाश की जीवन रक्षा व उसके गिरफ्तारी को ध्यान में रखते हुए फायर किया। उक्त पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त जयकान्त पटेल पुत्र जय प्रकाश पटेल नि0- ग्राम शेरपुर थाना चैनपुर जिला कैमुर भभुआ बिहार उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा 01 अदद देशी तमंचा नाजायज 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 8200 रु नकद (भिन्न भिन्न मुकदमों से सम्बंधित), 02 अदद कीपैड मोबाईल फोन व 01 अदद मोटरसाईकिल हिरो गैल्मर रंग काला चेचिस नं0 MBLJAW22XN9M00556 बरामद किया गया।

**अभियुक्त का पूछताछ विवरण:-** जयकान्त पटेल पुत्र जय प्रकाश पटेल नि0- ग्राम शेरपुर थाना चैनपुर जिला कैमुर भभुआ बिहार उम्र करीब 26 वर्ष पूछने पर बता रहा है कि मै देशी तमन्चा शौकिया रखता हूँ मै अपने दोस्त विकास पटेल पुत्र सुरेन्द्र सिंह नि0 ग्राम महेशुआ पोस्ट कुडासन थाना भभुआ जिला कैमुर बिहार के साथ अपनी जरूरतो व शौक को पूरा करने के लिये यूपी व बिहार के कई शहरो के भिन्न भिन्न जगहो पर चोरी व छिनैती की घटना कारित किये है जिसकी वजह से पकड़े जाने के डर से बचने के लिए आप लोगो के ऊपर जान लेवा हमला किया। मुझे माफ कर दीजिए आगे से ऐसी गलती नहीं होगी।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः-** स्थान- सीर करहिया के पास रोड के दाहिने तरफ खाली पड़े स्थान से समय करीब 23.10 बजे दिनांक 11.09.2025 को।

**बरामदगी विवरण -**

1. 01 अदद देशी तमंचा नाजायज 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
2. 8200 रु नकद (भिन्न भिन्न मुकदमों से सम्बंधित)
3. 02 अदद कीपैड मोबाईल फोन
4. 01 अदद मोटरसाईकिल हिरो गैल्मर रंग काला चेचिस नं0 MBLJAW22XN9M00556

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-** जयकान्त पटेल पुत्र जय प्रकाश पटेल नि0- ग्राम शेरपुर थाना चैनपुर जिला कैमुर भभुआ बिहार उम्र करीब 26 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास/अभियोग विवरण-**

1. मु0अ0सं0 - 0369/2025, धारा- 109 बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
2. मु0अ0सं0- 322/2025, धारा- 109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
3. मु0अ0सं0 402/2023 धारा 379/411 आईपीसी थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
4. मु0अ0स0 0193/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
5. मु0अ0स0 0112/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना आदमपुर कमिश्नरेट वाराणसी
6. मु0अ0सं0 0296/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी
7. मु0अ0सं0 303/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी
8. मु0अ0सं0 51/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना लक्सा कमिश्नरेट वाराणसी
9. मु0अ0सं0 440/2023 393 आईपीसी थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी
10. मु0अ0सं0 33/2024 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी
11. मु0अ0सं0 363/2023 धारा 392/411आईपीसी थाना भेलूपुर कमिश्नरेट वाराणसी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजकुमार थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 सौरभ तिवारी थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 अभिषेक सिंह थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
4. उ0नि0 शिवाकान्त शर्मा थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
5. उ0नि0 अनिल कुमार थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
6. का0 अमित शुक्ला थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
7. का0 पवन यादव थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी

8. का0 सूरज सिंह  थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
9. का0 कृष्णकान्त पाण्डेय  थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
10. का0 रंगराजन  थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
11. का0 रामपाल  थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
12. का0 धर्मजीत  थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
13. का0 राम सुरेश  थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी
14. का0 प्रशान्त तिवारी सर्विलांस सेल कमि0 वाराणसी

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी ।**

**<u>नोट:-</u> थाना चैनपुर व थाना भभुआ जिला कैमूर बिहार  में 03-03 मुकदमें पंजीकृत ।**